एक नजर में

महिलाओं ने किया दादी का मंगल पाठ

इंदौर . अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के द्विवार्षिक चुनाव के पूर्व फ्रजय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल के तत्वावधान में शुक्रवार को राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर राणी सती दादी के मंगल पाठ का भव्य आयोजन सौल्लास सम्पन्न हुआ जिसमें ढाई हजार से अधिक मातृशक्ति ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ परम्परागत परिधान में शामिल होकर समाज में शांति, एकता एवं सदभाव के लिए प्रार्थना की . पैनल के संयोजक गणेश गोयल, गोविन्द सिंघल, अरविन्द बागड़ी, संतोष गोयल, संजय बांकडा एवं समाज के अन्य वरिष्ठजनों की मौजूदगी में इस अवसर पर प्रख्यात मंगल पाठ वाचिका ममता गर्ग ने दादीजी के मंगल पाठ का भक्ति भाव से भरपूर वातावरण में पाठ किया और दादीजी से सभी समाज बंधुओं पर अपना स्नेह, कृपा एवं करुणा की वर्षा करने की प्रार्थना की . मंगल पाठ में पुष्पा गुप्ता, मीना अग्रवाल, मीना बद्रुका, पिंकी अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, संगीता गुप्ता, किरण तायल, उमा बंसल, सविता बंका एवं श्रीमती अनिता ऐरन सहित ढाई हजार से अधिक महिलाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई और सभी प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प व्यक्त किया .

साध्वी प्रियम एवं श्रियमरसाश्री का मंगल प्रवेश

इंदौर . द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में चातुर्मास के लिए साध्वी प्रियमरसाश्री एवं श्रियमरसाश्री का मंगल प्रवेश शुक्रवार सुबह पुखराज पैलेस, फूटी कोठी से बैंड बाजों सहित सामैया के साथ हुआ . पुखराज पैलेस से सामैया जुलूस प्रारम्भ होकर सुदामा नगर स्थित सेठी गेट से द्वारकापुरी मंदिर होते हुए पुन: पुखराज पैलेस पहुंचा . मार्ग में अनेक स्थानों पर समाज बंधुओं ने परम्परागत तरीके से साध्वी द्वय की अगवानी की . पुखराज पैलेस पर 2 हजार से अधिक समाज बंधुओं की मौजूदगी में आयोजित धर्म सभा में साध्वी द्वय ने चातुर्मास की महत्ता बताई और कहा कि यह ऐसा पावन प्रसंग है जब हम धर्म और संस्कृति के पर्यावरण तथा संतों की निश्रा में रहकर स्वयं के विकारों को श्रेष्ठ विचारों में बदल सकते हैं . जुलूस में ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा, सचिव चेतन भंडारी, ट्रस्ट मंडल के अजय जैन, रितेश शेखावत, दिनेश ढींग, प्रभात चोपड़ा, सतीश जैन, अमृत मूणत सहित अनेक पदाधिकारी पैदल चल रहे थे . अध्यक्ष संजय नाहर ने बताया कि चातुर्मास में 28 जुलाई से प्रतिदिन प्रात: 8 .45 से 9 .45 तक प्रवचन होंगे।

कारगिल विजय दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर . कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई, को डॉ . संदीप जुल्का के नेतृत्व में टीम हेल्थकेयर सोल्जर्स द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा . सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, ढक्कन वाला कुआं पर शाम 4 .30 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भारतीय सेना के शौर्य, राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत की रणनीतिक दिशा और डिजिटल युग में भारतीय विरासत के संरक्षण जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे . टीम हेल्थकेयर सोल्जर्स के फाउन्डर और हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ . संदीप जुल्का ने कहा किकार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, विद्यार्थियों, चिकित्सकों, शिक्षकों और विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों की सहभागिता रहेगी . कार्यक्रम में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल यादवेन्द्र जादौन भारत की रणनीतिक दिशा- एक परिप्रेक्ष्य विषय पर अपने विचार रखेंगे . एलएनसीटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ . संध्या चौकसे डिजिटल युग में भारतीय विरासत- अतीत का संरक्षण और भविष्य का निर्माण विषय पर व्याख्यान देंगी . डॉ . जुल्का ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें केवल 1999 की ऐतिहासिक जीत की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह भी बताता है कि बदलते समय के साथ भारत की रक्षा रणनीति और सुरक्षा व्यवस्था लगातार मजबूत हुई है . सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल यादवेन्द्र जादौन ने कहा कि कारगिल युद्ध से लेकर हाल के ऑपरेशन सिंदूर तक भारतीय सशस्त्र बलों ने हर चुनौती का मजबूती से सामना किया है .

मेगा जॉब फेयर में युवाओं को मिला रोजगार

इंदौर . चमेली देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन ग्राम उमरीखेड़ा, में शुक्रवार को आयोजित सीडीजीआई करियर कनेक्ट- मेगा जॉब फेयर 2026 में हजारों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया . रोजगार महाआयोजन में 75 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने सहभागिता करते हुए एक हजार से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराए . आईटी, इंजीनियरिंग, फार्मा, बैंकिंग, रियल एस्टेट, मार्केटिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया संपन्न की . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश डंडोतिया रहे . कार्यक्रम में संस्थान की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुषा अग्रवाल, प्राचार्य डॉ . मनीष श्रीवास्तव, संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे . अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश डंडोतिया ने युवाओं को नशामुक्त जीवन का संदेश देते हुए नशे से है दूरी, है ज़रूरी 2 .0 अभियान के अंतर्गत उपस्थित *लगभग 2000 छात्र-छात्राओं को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई . संस्थान की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुषा अग्रवाल ने कहा कि संस्थान द्वारा इस भव्य मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया, जिससे प्रदेश सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों युवाओं को लाभ मिला . प्राचार्य डॉ . मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें से धार, महू, सनावद, उज्जैन, देवास तथा इंदौर सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी कार्यक्रम में पहुंचे। पूरे आयोजन में रोजगार परामर्श, करियर मार्गदर्शन एवं कंपनियों की चयन प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की गई .

चातुर्मास पुण्यों का उदय करने का स्वर्णिम अवसर

इंदौर . साधु सबका होता है। साधु किसी को नहीं चाहता पर साधु को सब चाहते हैं। साधु धर्म और मरण के कामों में बिना बुलाए ही जाना चाहिए, इसमें कभी कोई विकल्प मन में नहीं लाना चाहि . . इंदौर का चातुर्मास हम सबके लिए ऐसा स्वर्णिम अवसर है जब हम अपने पुण्यों का उदय करेंगे . साधु का आगमन पूरे शहर के लिए एक सौगात के रूप में होता है . ये आशीर्वचन हैं राष्ट्र संत मुनि पुंगव प .पू . श्री सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में सम्पूर्ण जैन समाज की एयरपोर्ट रोड स्थित सुमति धाम, गोधा इस्टेट पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सभा में सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई . समिति के प्रमुख मनीष-सपना गोधा, नवीन-आनंद गोधा, अशोक-रानी डोसी, आकाश जैन कोयला और हर्ष जैन ने प्रारम्भ में मुनिश्री की अगवानी करते हुए पाद प्रक्षालन किए .

नगर में आज

बेमिसाल रफी

समय- 6.30 बजे, **स्थान**- प्रीतमलाल दुआ सभाग्रह

आओ हुजूर संगीत कार्यक्रम

समय- 6.30 बजे से, **स्थान**- जाल सभाग्रह

धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़े छात्र, शहर में आंदोलन जारी

नवभारत न्यूज़

इंदौर. प्रधानमंत्री के संदेश के बाद सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है, लेकिन इंदौर में छात्रों का आंदोलन अभी भी जारी है. भंवरकुआ चौराहे पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी लगातार धरने पर बैठे हुए हैं. हालांकि, पिछले कुछ दिनों की तुलना में शुक्रवार को आंदोलन में छात्रों की संख्या कम दिखाई दी, फिर भी कई छात्र अपनी मांगों को लेकर धरना स्थल पर डटे रहे.

धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार नहीं किए जाते, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। छात्रों का आरोप है कि लगातार पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था की खामियों के कारण लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी छात्रों के समर्थन में इंदौर पहुंचे धरना स्थल पर छात्रों के साथ बात की. धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और इसका उद्देश्य सरकार का ध्यान शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं की ओर आकर्षित करना है. छात्रों का दावा है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा.

नीट विद्यार्थी ने सुनाई पीड़ा

धरने में शामिल एक नीट अभ्यर्थी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर अपनी पीड़ा साझा की . उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 से लेकर 2026 तक लगातार नीट परीक्षा दी, लेकिन हर वर्ष पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के कारण कटऑफ बढ़ता गया, जिससे उनका चयन नहीं हो सका . छात्र ने कहा मैं खंडवा का रहने वाला हूं . मेरे पिता ने कर्ज लेकर मुझे पढ़ाई के लिए इंदौर भेजा ताकि मैं डॉक्टर बनने का सपना पूरा कर सकूं . लेकिन हर साल परीक्षा में गड़बड़ियों और पेपर लीक के कारण मेहनत करने वाले छात्रों को नुकसान उठाना पड़ता है . लगातार चार वर्षों से प्रयास करने के बावजूद मेरा चयन नहीं हो पाया .

170 किमी साइकिल चलाकर पहुंचे

सुसनेर जिला आगर मालवा से लगभग 170 किलोमीटर साइकिल चलाकर प्रदीप गोयल इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में शामिल होने पहुँचे . प्रदीप गोयल ने बताया यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और न्याय की लड़ाई के प्रति उनके अटूट संकल्प का प्रतीक है .

आने वाली पीढ़ियों के लिए आंदोलन

धरने में शामिल छात्रा जानकी निम ने बताया कि उनका आंदोलन केवल वर्तमान छात्रों के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए है . उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि देश में ऐसी शिक्षा व्यवस्था बने, जिसमें मेहनत करने वाले छात्रों को न्याय मिले . लगातार पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की खामियों से ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले छात्रों का मनोबल टूट रहा है . जब तक शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं होगा और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा .

योजना 114 के मकानों को अवैध कब्जे से कराया मुक्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. शुक्रवार को आईडीए द्वारा योजना 114 में स्थित मकानों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया. उक्त रो हाउसेस का बाजार मूल्य 1 करोड़ रुपए बताया जा रहा है. योजना के मकानों पर लोगों ने कब्जा कर अवैध रूप से रह रहे थे. आईडीए सीईओ डॉ. परिक्षित झाडे ने बताया कि योजना 114 में राजीव आवास विहार में 1 हजार आवासीय फ्लैट बनाए थे. उक्त फ्लैट में कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर कब्जा कर रखा था. आज 11 अतिक्रमित आवासीय परिसरों (रो-हाउस) को कब्जा मुक्त कराया गया। इन परिसरों का वर्तमान बाजार मूल्य 1 करोड़ रुपए से अधिक है. सीईओ झाड़े ने कहा कि आईडीए की किसी भी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने वाले के खिलाफ ऐसे ही वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी.

चरनोई की एक एकड़ सहकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

नव भारत न्यूज

इंदौर. शुक्रवार को प्रशासन ने तहसील बिचौली के एक गांव की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. करीब एक एकड़ जमीन से अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाया गया. उक्त जमीन पर पक्का मकान और सड़क निर्माण किया जा रहा था.

आज प्रशासन ने बिचौली तहसील के ग्राम जामन्या खुर्द में खसरा नंबर 198 की करीब एक एकड़ चरनोई की सरकारी ज़मीन पर रामप्रसाद दुबे ने कब्जा कर लिया था. उक्त जमीन पर पक्का मकान, बिजली कर खम्बे और सड़क निर्माण कर कर कब्जा किया जा रहा था. उक्त मामले की जानकरी मिलने पर बिचौली तहसील के राजस्व अमले ने मौका निरीक्षा कर जांच रिपोर्ट बनाई। जांच में पाया गया कि उक्त भूमि पर अवैध रूप से पक्का मकान एवं पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा था. रिपोर्ट के आधार पर आज प्रशासन ने चरनोई की एक एकड़ सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की.

कार्रवाई के दौरान एसडीएम बिचौली अजय भूषण शुक्ला, तहसीलदार अनिल पटेल, अतिरिक्त तहसीलदार शिखा सोनी सहित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों का दल मौके पर उपस्थित था.

घर से लापता हुआ चार साल का मासूम मिला

इंदौर. घर से बिना बताए निकला चार साल का मासूम कुछ घंटों के लिए परिवार से बिछड़ गया. सूचना मिलते ही विजयनगर पुलिस ने तत्काल तलाश शुरू की और सीसीटीवी फुटेज व लोगों से पूछताछ के आधार पर बच्चे को सकुशल ढूंढकर माता-पिता के सुपुर्द कर दिया.

पुलिस के अनुसार, गुरुनगर में रहने वाले जितेंद्र सोलंकी का चार वर्षीय बेटा मोक्ष सोलंकी शाम करीब 6 बजे घर से बिना बताए निकल था. काफी तलाश के बाद जब उसका पता नहीं चला तो परिजन विजयनगर थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने टीम को बच्चे की तलाश में लगाया. पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की. कुछ ही घंटों की तलाश के बाद पुलिस ने बच्चे को रोबोट चौराहे के पास से सकुशल ढूंढ निकाला. इसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया.

सब-जूनियर कुराश प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

राज्य स्तरीय स्पर्धा में दिखाएंगे दम

इंदौर. नेहरू स्टेडियम में श्री राम मार्शल आर्ट्स अकादमी द्वारा सब-जूनियर कुराश खिलाड़ियों के चयन के लिए एक दिवसीय ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया. चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ चयनकर्ताओं एवं अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुई.

कोच महेश पुरोहित ने बताया कि चयनित खिलाड़ी अगले माह आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे वर्ष कड़ी मेहनत और लगन के साथ अभ्यास किया है तथा उन्हें विश्वास है कि वे प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर इंदौर का नाम रोशन करेंगे. चयन प्रक्रिया को तकनीकी अधिकारियों- राहुल व्यास(महासचिव,एमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्य प्रदेश),महेश पुरोहित, दीपक जाट, लावण्या यादव, निष्ठा सोनी और लक्षिका वर्मा ने संपन्न कराया। वहीं खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने में कोच आकाश तिवारी, सृष्टि तिवारी, पूजा प्रजापत, मोहिनी प्रजापत और प्रत्यक्ष पुरोहित खुशबू भगोरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही. कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया सहित ओम सिलावट, कपिल तिवारी, संजय धन्नालाल गोयल, गौरव जामदार, कैलाश बाथम, शिव दुब्बल, चेतन जोशी, निकुंज गोयल एवं डॉ. सुकेन दशोरे विशेष रूप से उपस्थित रहे.

इनका हुआ चयन

ट्रायल के बाद जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया उनमें वशिष्ठ पुरोहित, रूद्र सिलावट, युगवीर गोसर, निशिक वर्मा, उमिका यादव, गौरिका यादव, ट्विंकल सिलावट, आरूषि ओढवाल, धानी ओढवाल, चाहत ओढवाल, अनाया भाबड़, मानव चौधरी, पुनीत सिलावट, हिमांशी वर्मा, अमन मुराडे, हिवा जोशी, आयुष्मान दुब्बल, पलक दुब्बल और तनव जोशी शामिल हैं . चयनित खिलाड़ियों में क्वींस कॉलेज की छात्रा हिमांशी वर्मा तथा श्री राम मार्शल आर्ट्स एकेडमी के कई खिलाड़ी शामिल हैं .

रेलवे स्टेशन पर हिंदी के बढ़ते प्रयोग पर जोर

नवभारत न्यूज़

इंदौर. इंदौर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आयोजित की गई, जिसमें रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की. बैठक की अध्यक्षता क्षेत्र अधिकारी हरि राम मीना ने की.

बैठक में इंदौर स्टेशन स्थित विभिन्न रेलवे कार्यालयों के विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी के उपयोग, प्रगति और राजभाषा संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी. समीक्षा के दौरान अध्यक्ष हरि राम मीना ने अधिकारियों को राजभाषा अधिनियम एवं नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने और कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. बैठक में सहायक वाणिज्य प्रबंधक वसंत नायर, जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार, रतलाम मंडल के राजभाषा विभाग से राजेन्द्र सेन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे.

बैठक के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्न मंच एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया. कार्यशाला में हिंदी में प्रभावी कार्यालयीन कार्य-संपादन, शासकीय पत्राचार तथा राजभाषा से जुड़े प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई. प्रतिभागियों को दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के व्यावहारिक उपयोग के लिए भी प्रेरित किया गया. बैठक में आगामी राजभाषा पखवाड़ा को व्यापक स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

दूध और दुग्ध उत्पादों की जांच अभियान में 28 खाद्य नमूने लिए

इंदौर. खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर ने शुक्रवार को दूध एवं दुग्ध उत्पादों सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई के दौरान 05 डेयरी प्रतिष्ठानों, 01 मेस और 01 खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर कुल 28 खाद्य नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए।.वहीं मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से 38 खाद्य पदार्थों की मौके पर प्रारंभिक जांच की गई।

अभियान के तहत नवलखा स्थित रामजी डेयरी से दूध के 3 नमूने, श्री गौरी गोपाला मावा एवं डेयरी फार्म से मावा, दूध और पनीर के 5 नमूने, लिंबोदी स्थित जय माता दी डेयरी से दूध, पनीर और मावा के 4 नमूने, हनुमंत डेयरी एंड स्वीट्स से दूध, पनीर, मावा एवं घी के 6 नमूने तथा द्वारकाधीश डेयरी एंड स्वीट्स से दूध, पनीर और मावा के 5 नमूने लिए गए.

इसके अलावा उत्तम भोग मेस एंड रेस्टोरेंट से चावल, आटा और दाल के 3 नमूने जांच हेतु लिए गए. सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त खराब गुणवत्ता के चिप्स विक्रय संबंधी शिकायत पर आनंद बाजार स्थित साउथ इंडियन श्री कृष्णा हॉट चिप्स का निरीक्षण कर बनाना चिप्स एवं बनाना चिली चिप्स के 2 नमूने भी संग्रहित किए गए. खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों को खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, स्वच्छता, कोल्ड चेन बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए.सभी 28 नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है. जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में

आईएमए के विशेष सत्र में माइक्रोसॉफ्ट को-पायलट के लाइव डेमो ने प्रतिभागियों को किया प्रभावित

एआई अब नौकरी नहीं, काम करने का तरीका बदल रहा

इंदौर. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब भविष्य की नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है. जो व्यक्ति और संस्थान समय रहते एआई को अपनाएंगे, वही आने वाले समय में प्रतिस्पर्धा में आगे रहेंगे. इसी उद्देश्य के साथ इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) के एआई एंड इनोवेशन फोरम द्वारा शुक्रवार को आईएमए कार्यालय, साउथ तुकोगंज में इफेक्टिव यूज़ ऑफ कोपायलट टू इंक्रीज़ विषय पर एक विशेष ज्ञानवर्धक एवं व्यावहारिक सत्र आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता न्यूरोतंत्र एआई प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं कॉर्पोरेट तथा शैक्षणिक संस्थानों के एआई सलाहकार वैभव जैन ने कहा कि आज एआई इंसानों की जगह लेने नहीं आया है, बल्कि इंसानों की क्षमता को कई गुना बढ़ाने आया है.

भविष्य में वही व्यक्ति सबसे अधिक सफल होगा जो एआई के साथ काम करना सीख जाएगा. एआई अब नौकरी नहीं, काम करने का तरीका बदल रहा है. सत्र के दौरान श्री जैन ने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट और आउटलुक में कोपायलट का लाइव डेमो बताया गया. उन्होंने दिखाया कि केवल कुछ सही निर्देश देकर लंबी रिपोर्टों का सारांश तैयार किया जा सकता है, आकर्षक प्रस्तुतियां बनाई जा सकती है.

प्रतिभागियों ने पूछे कई व्यावहारिक प्रश्न

सत्र के दौरान प्रश्नोत्तर का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने कोपायलेट के लाइसेंस, सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, विभिन्न उद्योगों में उपयोग, शिक्षा क्षेत्र में एआई की भूमिका तथा भविष्य में रोजगार पर एआई के प्रभाव से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे . श्री जैन ने सभी प्रश्नों के सरल, व्यावहारिक एवं उदाहरणों सहित उत्तर दिए . इस सत्र में कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, स्टार्टअप उद्यमियों एवं एआई में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया .

तुलसी परिवार ने श्रद्धा के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

इंदौर . जाल सभा गृह में शुक्रवार को तुलसी परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया . कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने भाग लेकर गुरुदेव किरीट भाई का आशीर्वाद प्राप्त किया .

कार्यक्रम के दौरान गुरुदेव किरीट भाई ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन प्रदान किए तथा गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला . उन्होंने जीवन में सदाचार, सेवा, संस्कार एवं आध्यात्मिक मार्ग पर चलने का संदेश दिया . तुलसी परिवार के सदस्य संजय सोनी ने बताया कि तुलसी परिवार गुरुदेव के शिष्यों का परिवार है और गुरु पूर्णिमा महोत्सव पिछले 35 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है . उन्होंने बताया गुरुदेव का कोई आश्रम नहीं है . वे दिल्ली में निवास करते हैं . ऐसे में सभी भक्तों के लिए उनसे मिलना संभव नहीं हो पाता, इसलिए गुरुदेव स्वयं विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अपने शिष्यों एवं भक्तों को दर्शन और आशीर्वाद प्रदान करते हैं . प्रारंभ में तुलसी परिवार की ओर से सुनील मालू, संजय सोनी, मीतेश जोशी, राजेश नीमा, राजेश गुप्ता खादी कल्चर, जयप्रकाश भुराडिया, महेश जाजू आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया .